डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया

कार्तिक कृष्ण पक्ष,प्रतिपदा- 2083

भोपाल,दिन सोमवार, दिनांक 26 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

घर के बाहर बंधी गैस चोरी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

भोपाल।सरताज थाना क्षेत्र के रतनपुर में घर के बाहर बंधी रेड सील्ड रुपए लोगस की गैस चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गैस बॉय गाड़ी इलाके पहले ही पुलिस ने उनके भूमिका बद्ध के जगह से पकड़ लिया। उनके कब्जे से चोरी गई गैस भी बरामद कर ली गई। पुलिस के मुताबिक, रतनपुर निवासी नरेश सिंह ठाकुर की 23 अक्टूबर की रात गैस चोरी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में शोएब (23), अलन कुरैशी (21) और सुभीकांत गुप्ता कारिम उर्फ कल्लीम खां (30) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, काशिम गैस चोरी कर साथियों को बेचा था, जो उन्हें बाजार में बेचते थे। ज्ञान के सिलसिले मारपीट सम्बंधी काम अपराध दर्ज है।

बाल्मीकि जयंती पर तीन स्कूलों ने नहीं की छुट्टी घोषित, होगी कार्रवाई

भोपाल। बाल्मीकि जयंती पर सोमवार को तीन स्कूलों ने छुट्टी घोषित नहीं की है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिरुद्ध आर्य ने बताया कि हिलाकान, सागर पब्लिक एवं रीवीएस स्कूल द्वारा बाल्मीकि जयंती पर अवकाश घोषित नहीं किया गया है। इस संदर्भ में अभिभावकों से शिकायतें की है। यदि सोमवार को यह स्कूल खोले जाते हैं तो इन पर रुपए एवं प्रशासन लिया जाएगा। स्कूलों बाल्मीकि जयंती पर एक राजस्व द्वारा अवकाश घोषित किया गया है। यदि स्कूल खुलते हैं तो इनकी जांच कराई जाएगी फिर कार्रवाई का कदम उठाएंगे।

पचलिया में दो तस्करों से 1. 50 लख रु. की एमडी ड्रग्स बरामद

भोपाल। पचलिया सदक पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12. 63 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई है, जिसकी कीमत लगभग 1.50 लाख रुपए है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल बाइक और मोबाइल फोन भी जप्त किया है। पुलिस के मुताबिक, 24 अक्टूबर की रात मुखबिर की सूचना पर बायपास रोड से रात करीब 1.40 बजे तलाश सलाते (24), निवासी छावनी पठार, बिलकिसिया और बक्तिलेश मेहरा (24), निवासी छावनी पठार को गिरफ्तार किया। उनके पास से तस्करी में 12.63 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस अब आरोपियों से ड्रग्स की सप्लाई और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पत्नी का इलाज कराने गए किसान के घर से तीन लाख रुपए की चोरी

भोपाल। पत्नी को इलाज के लिए भोपाल लेकर आए किसान के सूने मकान में चोरी ने धावा बोल दिया। बदमाश अलमारी में रखी नकदी और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। किसान ने फसल बेचने के बाद डेढ़ लाख रुपए घर में रखे थे। शनिवार को पत्नी वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा मिला। चोरी गए गहने की कीमत तीन लाख रुपए से अधिक बताई है। पुलिस के अनुसार, मालीखेड़ा के कर्दोया कला निवासी उमराव सिंह राजपूत खेती करते हैं। शुक्रवार शाम वह पत्नी का इलाज कराने भोपाल आए थे। घर सूना होने के कारण बदमाशों को वारदात का मौका मिल गया। चोर तीन रोड के सहारे छत पर पहुंचे और मकान के अंदर दाखिल हो गए। अलमारी में रखे रुपए और आभूषण समेटकर निकल गए। शनिवार को किसान पत्नी के साथ गांव लौटा और घर के अंदर पहुंचा तो सामान अस्त-व्यस्त मिला।

किराए के लाइसेंस पर कारोबार करने का आरोप, अनुभवहीन कर्मचारियों से दवाइयां दिलाने की शिकायतय औषधि विभाग जल्द करेगा निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर कथित बयान पर विवादय पटना में थाने में शिकायत,



डीआर संवाददाता।। नई दिल्ली,पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। भाजपा ने बयान को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है, वहीं सार्वजन ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अपने अध्यक्ष के साथ अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया है। विवाद के बीच पटना के कोतवाली थाने में भाजपा नेता कुणाल कुमार सिंह की शिकायत पर खरगे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की जानकारी सामने आई है। भाजपा ने सोमवार को देशभर में उनके खिलाफ प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खरगे की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार अम्बेडकर की सीमाएं पार कर रही है। शाह के मुताबिक, कांग्रेस के पास उनका दो जुटे मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह गाली-गलौज की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के परिवार को लेकर इस तरह की टिप्पणी राजनीतिक मर्यादाओं के खिलाफ है।

भाजपा नेताओं ने इस मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध के दौरान भाषा की मर्यादा बनाए रखना जरूरी है। पार्टी ने खरगे के बयान के विरोध में देशभर में प्रदर्शन की घोषणा की है। इस घटनाक्रम के बाद सदन और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना



संघ पर लगाया आरोप

विपक्ष के वीप जारोप ने भाजपा के प्रदर्शनों के प्रचार लेते हुए उसने आरोप भी लगाया किया। कांग्रेस महासचिव प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा और संघ ने हाल चलने के साथ दल-बदल अभियानों का प्रयास किया है। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने पार्टी के भीतर के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर किया है। उन्होंने दावा किया कि कई राज्यों में भाजपा के भीतर ही असंतोष देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की टिप्पणी की निंदा

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी खरगे की कथित टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद के लिए विरोधी व्यक्तियों या परिवारों का इस्तेमाल दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री के अनुसार उनमेंसे ही विचारों का सम्मान करना चाहिए, लेकिन भाषा और व्यवहार में मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है।

डॉ. यादव ने कहा कि राजनीति विरोध के दौरान भी संसदीय शिष्टाचार का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने खरगे के बयान को अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि ऐसे बयानों से समाज में गलत संदेश जाता है।

बयान से बढ़ा राजनीतिक टकराव

प्रधानमंत्री के पिता को लेकर की गई कथित टिप्पणी अब भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव का मुद्दा बन गई है। भाजपा जहां इसे राजनीतिक मर्यादा का उल्लंघन बता रही है, वहीं कांग्रेस अपने अध्यक्ष के साथ कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा उठा रही है। पटना में शिकायत और देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा के बाद मामला और तूल पकड़ गया है। इस विवाद में दोनों दलों के नेताओं की प्रतिक्रियाओं के बीच अब आगे की राजनीतिक कार्रवाई पर नजर रहेगी।

वर्मा ट्रेवल्स की 8 बसें जलकर खाक, 5 करोड़ तक का नुकसान

नुकसानय नागपुर-अहमदाबाद-सूरत की यात्राएं रद्द



डीआर संवाददाता।। सीहोर।

सोमवार की अलसुबह लगभग 4 बजे ट्रैवल्स कैम्पस में खड़ी बसों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने 8 बसों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही मिनटों में बसों के शीशे चटक गए और टायर फट गए। घटना की सूचना मिलते ही सीहोर नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बसें पूरी तरह जल चुकी थीं। दमकल की 2 गाड़ियों ने करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन करीब 4 से 5 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार

आग लगने पहले दो से तीन बसों में लगी और देखते ही देखते पूरी बसें इसकी चपेट में आ गईं। फायर अधिकारी रोहित पटेल के मुताबिक, दमकल की 10 गाड़ियों की मदद से आग बुझाई गई। हालांकि, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

कई शहरों की बस सेवाएं प्रभावित

आग की घटना में आई सभी बसें पुणे, अकोलाबाद, सूरत, बालाघाट, बिलासी और इंदौर जैसे विभिन्न मार्गों पर चलने वाली थीं। घटना के समय सभी खड़ी थीं। हादसे के बाद प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि इन दो गाड़ियों के ड्राइवर सिराज अली पठान।

जांच के बाद स्पष्ट होगा कारण

जली ट्रैवल्स के संचालक दीपक वर्मा के अनुसार, आग से करीब 4 से 5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सटीक जानकारी पता नहीं चल सकी है। घटना के बाद बस मालिक परिवार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की आवश्यकता है।

भोपाल में हमले में घायल युवक की मौत, परिजनों ने थाने का घेराव किया

चाय की दुकान पर हुई थी मारपीट, आठ दिन इलाज के बाद तोड़ा दमय नानू को



डीआर संवाददाता।। भोपाल।

राजधानी भोपाल में चाकू, लोहे की पाइप और डंडों से हमले में घायल 28 वर्षीय आदिल की शनिवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। 18 अक्टूबर की रात छावला मस्जिद की सीढ़ियों के सामने स्थित चाय की दुकान पर हुई थी। चुकक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने हाइवहोनाबाद थाने पहुंचकर भेजाव किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

घटना के दो वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें चुकक के साथ मारपीट होती दिखाई देती थी। परिजनों के अनुसार, आदिल पर हमला करने वालों में शामिल आरोपियों के साथ एक अन्य युवक नानू की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने उसे मारते भी आरोपी बताने की मांग की है।

पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

परिजनों ने आरोप लगाया कि नितेश्वार आरोपियों को पुलिस हिरासत के दौरान कथित तौर पर विशेष सुविधाएं दी गई। इलाज कहना है कि आरोपियों को पुलिस के वाहन में बैठाकर एक अन्य जगह ले जाया गया और मुलाकात की भी अनुमति दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने घटना के बाद सबूतों को प्रभावित करने की कोशिश की।

परिजनों ने धरने से आरोपियों को हिरासत में लेने से लेकर गवाहों को धमकाने तक के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और उनकी जांच कराने की मांग की है।

पुरानी रंजिश की आशंका

एडिशनल एसपी के मुताबिक, आदिल अपने दोस्त समीर उर्फ बब्बर के साथ चाय पीने गया था। इसी दौरान उसका उनसे टैक्टर, तीर और उनके अन्य साथियों से कहिल तौर पर झगड़ा कर लिया। आरोप है कि आदिल पर चाकू से भी वार किए गए। डीसी-बयान करने पहुंचे सर्वेर के दौरान भी मारपीट हुई। वहीर स्तर से मामले की जांच कराने की मांग की है। अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

नगरीय निकायों में वित्तीय गड़बड़ी पर 392 अधिकारियों पर कार्रवाई, 7 बर्खास्त

135 मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी शामिलय 80 से अधिक ठेकेदारों और सप्लायरों पर भी शिकंजा



डीआर संवाददाता।।भोपाल।

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में 392 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें 135 मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) भी शामिल हैं। संबंधित अधिकारियों पर वसूली, वेतनवृद्धि रोकने, पदोन्नति और स्थायीकरी लेली कार्रवाई की गई है। अब तक सात अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे के अनुसार, अनियमितता और लापरवाही की गंभीरता के आधार पर कार्रवाई की गई है। आगेमाह भुगतान के मामलों में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से तीन से चार करोड़ रुपए की वसूली भी की गई है।

विभाग ने गलत तरीके से या निर्धारित दरों के विपरीत भागती लगाने वालों के मामलों में 80 से अधिक ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की है। विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य नगरीय निकायों में वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करना और सरकारी धन के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना है।

रु ड्त में कोचिंग सेंटरों के लिए नए नियमों का प्रारूप जारी,

डीआर संवाददाता।।भोपाल।

मध्य प्रदेश में कोचिंग सेंटरों के संचालन को व्यवस्थित करने और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नए नियमों का प्रारूप जारी किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश कोचिंग संस्थान (संचालन एवं विनियमन) नियम, 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है।

प्रस्तावित नियमों के अनुसार, कोचिंग संचालकों को 30 दिनों के भीतर पंजीयन के लिए आवेदन करना होगा। पंजीयन तीन साल के लिए मान्य रहेगा, जिसके बाद नवीनीकरण कराना जरूरी होगा। प्रत्येक शाखा का अलग पंजीयन कराना होगा।

कोचिंग सेंटरों को अपनी वेबसाइट पर फीस का पूरा विवरण, शिक्षकों की योग्यता, एमजब्ध सुविधाओं, पढ़ाई जाने वाली परीक्षाओं और शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। विद्यार्थियों के साथ धर्म, जाति, लिंग या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाई गई है। नियमों के उल्लंघन पर पहली बार में 25 हजार रुपए और दोहराने पर 1 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

दो दिन बाद बदलेगा28 और 29 अक्टूबर को 40 से 50 किमी प्रति घटेकी रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं, पूर्वी मप्र में भारी बारिश की चेतावनी

डीआर संवाददाता।।भोपाल।

मध्यप्रदेश में दो दिन बाद मौसम एक मिजाज बदलने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय अवदाब सहित चार मौसम प्रणालियों के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में अंधी, वरज-तमक और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, इसका अधिक असर पूर्वी मध्यप्रदेश में देखने को मिल सकता है।

28 अक्टूबर से बारिश की गतिविधियां बढ़ने के आसार हैं। वहीं, 29 अक्टूबर को पूर्वी मध्यप्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसम प्रणाली

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसम प्रणाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के 25 अक्टूबर के बुलेटिन के अनुसार, पूर्व-पश्चि और उसके उत्तर दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में अवदाब बना हुआ था। इसके गहरे अवदाब और अगले बवंडारी तूफान में बदलने की जानकारी जताई गई थी। इसके असर से मध्यप्रदेश के मौसम में बदलाव के आसार हैं।

पूर्वी मप्र में ज्यादा असर की संभावना

पूर्वानुमान के मुताबिक, 28 अक्टूबर को पूर्वी मध्यप्रदेश में गरज-चमक, तेज हवाओं और कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 29 अक्टूबर को भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

पश्चिमी मध्यप्रदेश में 28 से 31 अक्टूबर को बीच कुछ स्थानों पर धर्मा और तेज हवाएं चलने के आसार है। हालांकि, मौसम का असर अलग-अलग जिलों में अलग हो सकता है। खासर, सवेदार उसे भोपाल में अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए किसानों और आम नागरिकों को स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखने और सलाह दी जाती है।

सोगणा एसटी विद्यार्थियों को अब 12 माह मिलेगी छात्रवृत्ति, सीएम ने की घोषणा

शहडोल में 9.77 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 22.89 करोड़ रुपए का बोनस वितरित,

डीआर संवाददाता।। भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल में सोमवा जो कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) के विद्यार्थियों को अब 10 माह के बजाय पूरे 12 माह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और वनवासी परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहडोल, एमरिया, अनूपपुर, सतना और सीधी जिले के वर्ष 2024 के 9 लाख 77 हजार 696 पात्र तेंदूपत्ता संग्राहकों को 22 करोड़ 89 लाख रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की। वह राशि तेंदूपत्ता बोनस के रूप में दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण लाखों वनवासी परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। सरकार का प्रयास है कि ग्रेहनलजक परिवारों को उनके अधिकार का लाभ समय पर मिले।



462 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 462 करोड़ रुपए की लागत के 134 विकास कार्यों की सौगात दी। इसी क्रम में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबिया सौंपी गई। इन पहलों का उद्देश्य शिक्षा और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।

शहडोल में बनेगा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

मुख्यमंत्री ने शहडोल में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हाथियों के उत्पात से जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए है, उन्हें पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। इसके अलावा शहडोल में निजी सहभागिता से नया मैजारीलाइज खोलने की घोषणा भी की गई।

चुटकुलों के लिए प्रसिद्ध सिवनीपुर गांव में 5.10 करोड़ रुपए की लागत से सिकल कार्य कराए जाएंगे।

इन घोषणाओं के जरिए क्षेत्र में खेल सुविधाओं, उच्च शिक्षा और आवास व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। छात्रवृत्ति की अवधि बढ़ने से जनजातीय विद्यार्थियों को पूरे वर्ष पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता मिल सकेगी, वहीं बोनस वितरण से तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक सहयोग मिलेगा।

हिंदुत्व का सनातन धर्म से संबंध नहीं, सनातन परंपरा में नफरत और कटुता की जगह नहीं

डीआर संवाददाता।। राजगुर।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हिंदुत्व पर दिए बयान और उनकी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। रविवार को राजगुर में आयोजित प्रेस वार्ता में सिंह ने कहा कि ये कभी हिंदुत्व के समर्थक नहीं रहे और न ही आगे रहेंगे। उन्होंने हिंदुत्व और सनातन धर्म को अलग-अलग बताते हुए कहा कि दोनों का आपस में कोई संबंध नहीं है।

दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि सनातन धर्म हजारों साल पुरानी परंपरा है, जबकि हिंदुत्व शब्द विनायक दामोदर सावरकर ने दिया था। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की परंपरा में नफरत और कटुता के लिए कोई स्थान नहीं है।



सिंह के इस बयान के बाद हिंदुत्व और सनातन धर्म को लेकर राजनीतिक बहस फिर चर्चा में आ गई है। उनकी प्रस्तावित 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' को लेकर भी सियासी हलचलें ने चर्चा हो रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा- 2083 भोपाल, दिन सोमवार, दिनांक 26 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

मतदाता पुनरीक्षण के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

सीहोर। संशोधित मतदाता सूची पुनरीक्षण–2027 की प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय पर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इसका उद्देश्य फॉर्म नागरिकों विशेष रूप से दिव्यांगजनों, महिलाओं एवं बुजुर्ग मतदाताओं को पूरी सेवाओं तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराना है। इस कार्य के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग सीहोर के सहायक संचालक महेश कुमार यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समान काम पर समान वेतन दें, भेदभाव पर शिकायत

सीहोर।श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग के पत्र में कहा गया है कि सभी कारखानों, वाणिज्यिक स्थानों, शासकीय संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान काम पर समान वेतन देना अनिवार्य है।

यू–डिन पर तय 111 में 111 सैंत, बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। राज्य स्थापना एवं पोषण दिवस के तहत यू–डिन पोर्टल पर 111 सत्रों की योजना बनाई गई थी। सभी 111 सत्र आयोजित किए गए। सत्रों में स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों का टीकाकरण किया। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अधिकारी सुधीर कुमार सेहरिया के निर्देशन में सत्रों में 0 से 1 वर्ष तक के 304 बच्चों का टीकाकरण हुआ। 1 वर्ष से अधिक उम्र के 196 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

रबी सीजन में खाद–बीज की गुणवत्ता जांचेगा उड़नदस्ता दल

सीहोर। कलेक्टर गरिमा गुप्ता के निर्देश पर किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। यह दल रबी सीजन 2026–27 के लिए गठित किया गया है। दल द्वारा जिले में कृषि आदान विक्रय करने वाले निजी एवं सहकारी क्षेत्र के विक्रय केंद्रों, बीज उत्पादक सहकारी समितियों तथा बीज उत्पादक कृषकों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दल के प्रभारी अधिकारी एवं संयोजन अधिकारी अपने–अपने कार्यक्षेत्र में निरीक्षण करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर संबंध अभिकर्ताओं एवं संस्थानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। दल में सहायक कृषि विकास अधिकारी एवं सहायक कृषि विस्तार अधिकारी सम्मिलित रहेंगे।

2,216 विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

सीहोर। मध्यप्रदेश के जनजातीय एवं वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण शासीन परिवारों और आश्रितों का महत्वपूर्ण साधन है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पात्र बच्चों को शिक्षा जारी रखने और एच शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार एकलव्य शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है वर्ष 2025–26 में योजना के अंतर्गत कुल 2,216 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी

सतर्कता चरनाल में 2.95 करोड़ का आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लोकार्पण के तीन माह बाद भी लटके ताले

चरनाल में ग्रामीणों को नहीं मिल रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने धूमधाम से लोकार्पण किया था

डीआर संवाददाता»चरनाल

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर स्वास्थ्य केंद्रों के भवन तैयार करा रही हैं, लेकिन इनका लाभ ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चरनाल में इसका उदाहरण देखने को मिल रहा है। यहां 2 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नवीन भवन का लोकार्पण हुए करीब तीन माह बीत चुके हैं, लेकिन भवन पर अब भी ताले लगे होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिस उद्देश्य से इस भवन का निर्माण कराया गया था, वह अब तक पूरा होता नजर नहीं आ रहा है।



चरनाल। तीन माह पूर्व भवन तो कर दिया था लोकार्पण, पर ताले नहीं खुले हुए हैं



भलाई। स्टोर पर्चा में दवाई पड़ी

तालाबंदी के समय बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की थी उम्मीद

चरनाल और आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस आधुनिक एवं सुविधायुक्त भवन का निर्माण कराया गया है। सीहोर विधायक सुदेश राय ने इसका लोकार्पण किया था। भवन तैयार होने और लोकार्पण के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब सामान्य बीमारियों के उपचार, जांच और दवाइयों के लिए उन्हें दूर के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। हालांकि, तीन माह बाद भी भवन का संचालन शुरू नहीं होने से ग्रामीणों की बड़ी उम्मीद पूरी नहीं हो सकी है।

कठोड़ों का भवन, लेकिन सुविधाएं नदारद

ग्रामीणजन सहरीण पांडेरे एवं लवेरा शासीन केंद्र में प्रशासित स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग की है। इस बीच एक ग्रामीण ने कहा कि जब पूर्व मंत्री सीने सरेंडर की घोषणा करने आए थे, तो उन्होंने कहा था कि यह भवन ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा, लेकिन आज यह केवल दीवारों और ताले तक सीमित रह गया है।

इलाज के लिए दूसरे स्त्रोतों पर जाने की मजबूरी

गांव में स्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्धता इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां मजदूरी करने वाले परिवारों के लिए दवाओं के लिए दूरी की यात्रा करना कई बार कठिन साबित होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भवन का संचालन समय पर शुरू हो जाता, तो आसपास के कई गांवों के लोगों को इसका लाभ मिल सकता था।

जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्रों की लगातार बंद स्थिति को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्राम निवासी ने कहा कि उन्हें मामूली बीमारियों के इलाज के लिए भी 20 से 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जो हर परिवार के लिए संभव नहीं है। कई बार आपातकालीन स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भवन का शीघ्र संचालन शुरू कराया जाए और वहां पर्याप्त संख्या में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

जावर स्टूडियो चोरी का खुलासा, भोपाल से चार आरोपी गिरफ्तार



डीआर संवाददाता»सीहोर

जावर पुलिस ने श्याली रोड स्थित सोनी स्टूडियो में हुई चोरी का खुलासा करते हुए भोपाल के जनेद क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के चार डिजिटल कैमरे और दो हार्ड डिस्क बरामद की हैं। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त 2026 की देर रात चोरों ने सोनी स्टूडियो का ताला तोड़कर चार डिजिटल कैमरे और दो हार्ड डिस्क चोरी कर ली थीं। स्टूडियो संचालक सुभम सोनी की शिकायत पर जावर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने शिवम पाटक (21), अभिषेक बुरहाड़ (24) भारत अहिरवार (24) और मोहम्मद अनवर उदीन (27) की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। सभी आरोपी भोपाल के जनेद क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपित पहले से चोरी का एक मामला में जेल भेजे जा चुके हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि चोरी का एक कैमरा 15 हजार रुपए में खरीदा था।

कार्रवाई में जावर थाना पुलिस के साथ सीहोर साइबर सेल की टीम ने भी सहयोग किया। न्यायालय में पेश करने के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

उर्वरक, कीटनाशक और बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने जिला स्तरीय दल गठित

डीआर संवाददाता»जावर

कलेक्टर शिवपुरी के निर्देशानुसार किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज की गुणवत्ता की निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। यह दल रबी सीजन 2026–27 के लिए गठित किया गया है। दल द्वारा जिले में कृषि आदान विक्रय करने वाले निजी एवं सहकारी क्षेत्र के विक्रय केंद्रों, बीज उत्पादक सहकारी समितियों तथा बीज उत्पादक कृषकों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दल के प्रभारी अधिकारी एवं संयोजन अधिकारी अपने–अपने कार्यक्षेत्र में निरीक्षण करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर संबंध अभिकर्ताओं एवं संस्थानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। दल में सहायक कृषि विस्तार अधिकारी एवं सहायक कृषि विकास अधिकारी सम्मिलित रहेंगे।

सीहोर ने विदिशा को पारी और 90 रन से हराकर फाइनल में

डीआर संवाददाता» सीहोर

शहर के पीरगोठाई मैदान पर आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर–15 क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विदिशा को एक पारी और 90 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले सीहोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 180 रन से हराया था। टीम ने लगातार दो जीत दर्ज कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।



मैदान प्रभारी विवानु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर बीडीसीए के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रेक्षित के शिवताप सिंह ने आयोजन ठाकुर ने 6 विकेट हासिल किए, जबकि आर्यन मेवाड़ा ने 80 रन की पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी सहित पदाधिकारियों और प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष एवं विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार सुबह 9 बजे सीहोर और भोपाल के बीच तुलाराम मैदान में खेला जाएगा।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित, पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का हो रहा पंजीयन

डीआर संवाददाता» सीहोर

कलेक्टर श्री वात्सल्य के निर्देशानुसार स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में पटवारी सहित संबंधित विभागों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों के पंजीयन की कार्रवाई कर रहे हैं। शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें पंजीयन के बाद दस्तावेजों का लाभ प्राप्त हो सके।

जिले शिविरों में पंजीयन कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा पंचायतों का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान अधिकारी पंजीयन की कार्रवाई का निरीक्षण कर रहे हैं तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दे रहे हैं, जिससे पंजीयन कार्य से तेजी लाई जा सके और पात्र हितग्राहीगण को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का पंजीयन पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि संबंधी विवादों को कम करने और संपत्ति के अधिकार को स्पष्ट करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



महिलाओं का वीडियो बनाने का आरोप, विरोध पर गाली–गलौज और मारपीट की

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिले के इंजिहा नगर में खेत पर धान काटने गई दो महिलाओं का कथित तौर पर बिना अनुमति वीडियो बनाने और विरोध करने पर गाली–गलौज व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता महिलाओं ने संबंधित युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, 24 अक्टूबर को सुगीता बाई पति मनोहर सिंह और उनकी देवरानी ललिता बाई पति भगवत सिंह खेत पर धान काटने गई थीं।

इसी दौरान एक युवक कथित तौर पर उनका वीडियो बनाने लगा। महिलाओं ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि युवक ने उनके साथ गाली–गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गया। इस दौरान सुगीता बाई के देवर जा भी युवक से विवाद हुआ।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति पहले भी कई बार विवाद कर चुका है। उन्होंने इसकी जानकारी देने के बावजूद उपेक्षित सहायता नहीं मिलने की बात कही है। पीड़ितों ने पुलिस से मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



प्रकाश पर्व आरएसएस के पथ संचलन में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा का अद्भुत संगम

भारुति नंदन नवयुवक संगठन ने पुष्पवर्षा कर किया स्वयंसेवकों का भव्य अभिनंदन, पंडित प्रदीप मिश्रा

डीआर संवाददाता» सीहोर

शहर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस का पथ संचलन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता के संदेश के साथ निकाला गया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों की अनुशासित कदमताल, एकरूपता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण ने मार्ग में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पथ संचलन के दौरान भारुति नंदन नवयुवक संगठन ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष ओपी गूजर के नेतृत्व में सदस्यों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प बरसाकर उनका अभिनंदन किया।



रविवार सुबह शहर के छावनी क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार से पथ संचलन प्रारंभ हुआ। यहां से स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों की जयकार और अनुशासन घोषों के लिए लंबे मार्गों पर मौजूद रहे। प्रमुख मार्गों से होते हुए पथ संचलन पुनः बड़ा बाजार पहुंचा, जहां यह रास्ते में परिवर्तित हो गया। सभा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्र ने भी उपस्थित शैलजों स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

इस दौरान संगठन के सदस्यों ने पथ संचलन को अनुशासन, संगठन शक्ति और सेवा भावना का संदेश देने वाला आयोजन बताया। संगठन के स्वयंसेवों ने कहा कि पथ संचलन केवल कदमताल का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह समाज में सामूहिकता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध को मजबूत करने का माध्यम भी है। ऐसे आयोजनों से लोगों में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। भारुति नंदन नवयुवक संगठन के संस्थापक अध्यक्ष ओपी गूजर ने कहा कि देश की एकता और समाज की मजबूती के लिए युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना का जागृत रहना आवश्यक है। युवाओं की ऊर्जा जब सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती है, तो समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने कहा कि पथ संचलन जैसे आयोजन अनुशासन, एकजुटता और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रहित और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। ऐसे आयोजन सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के साथ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने में भी सहायक होते हैं।

खनिज विभाग का अभियान जारी, तीसरे दिन निरीक्षण में नहीं मिली कोई

डीआर संवाददाता»भैरूंदा

नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। अभियान के दूसरे दिन टीम ने भोरलाखेड़ी क्षेत्र में दबिश देकर रेत उत्खनन में इस्तेमाल होने वाली एक पनडुब्बी जब्त की। जबत मशीन को सीज़ कर थाने में खड़ा कराया गया है।

खनिज विभाग की टीम ने तीसरे दिन भी नदी क्षेत्र में पहुंचकर निरीक्षण किया। हालांकि, इस दौरान मौके पर न तो कोई पनडुब्बी मिली और न ही रेत उत्खनन में इस्तेमाल होने वाली दूसरी मशीन बरामद हुई। लगातार दो दिनों कार्रवाई से अवैध उत्खनन में लगे लोगों में हड़कंप की स्थिति है।

खनिज अधिकारी राजकुमार बरठे ने बताया कि नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। दूसरे दिन भोरलाखेड़ी क्षेत्र से पनडुब्बी जब्त कर थाने में खड़ी कराई गई थी। तीसरे दिन भी निगरानीकार कार्रवाई करते हुए क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, लेकिन कोई मशीन नहीं मिली। विभाग की टीम नदी क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष,प्रतिपदा- 2083 सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 26 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

इछावर क्षेत्र में 13 नए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत, भवन निर्माण के लिए 12 लाख मंजूर

बिलकिसगंज। इछावर विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास को बढ़ावा देने के लिए 13 नए आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वीकृति दी गई है। सीतापुर पंचायत के वार्ड रजावती में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। सरपंच चन्दरबाई जाटवे ने यह जानकारी दी। नए केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने का लक्ष्य है।

शरद पूर्णिमा पर सिंघाजी मंदिर में चढ़ाया निशान, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

गैलखेड़ा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम गैलखेड़ा स्थित सिंघाजी महाराज के मंदिर में परंपरानुसार निशान चढ़ाया गया। मंदिर से शुरू हुई निशान यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से निकली। ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत कर निशान पर पुष्प-अर्पण किया और सिंघाजी महाराज का आशीर्वाद लिया। आयोजन के दौरान महाभंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने रतजगा और भजनसंध्या के साथ रात्रिजागरण भी किया।

रानी मोठल्ले में भंडारा, दो क्विंटल मूंग की दाल का लगाया भोग

सीहोर। शहर के रानी मोठल्ले में जय महाकाल दुर्गा उत्सव समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। समिति अध्यक्ष नीरज राठौर ने बताया कि भंडारे में दो क्विंटल मूंग की दाल का भोग लगाया गया। आयोजन में सभी उपस्थित लोगों को खीर और आंवला के फल के पौधे दिए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि आज के आधुनिकता के दौर में चार विकास कलों के साथ पहनावा सनातन शिक्षा गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रसादी ग्रहण की।

उलझावन में सुंदरकांड पाठ के बाद भजन संध्या, देर रात तक झूमे श्रद्धालु

बिलकिसगंज। ग्राम उलझावन में धार्मिक आयोजन के तहत सुंदरकांड पाठ और भव्य भजन संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे सुंदरकांड पाठ से हुई, जबकि रात 9 बजे भजन संध्या प्रारंभ हुई, जो रात 1 बजे तक चली। भजन गायिका मनीषा सेन और ग्राम इलाचावाद के अनेक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। आयोजन में महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। समापन पर सौर प्रसाद वितरित किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीसीएल ने चलाया स्वच्छता अभियान

बिलकिसगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इसमें सीहोर सेल्स एरिया के अधिकारी और रघु डीलर्स के डीलर निशांत राघुवंशी शामिल हुए। टीम ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को सफाई के लिए प्रेरित करना है। एचपीसीएल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में

सुविधा मिली

इछावर में मेडिकल स्टोरों के संचालन पर उठेसवाल, बिना जांच चल रही दुकानें

किराए के लाइसेंस पर कारोबार करने का आरोप, अनुभवहीन कर्मचारियों से दवाइयां दिलाने की शिकायतय औषधि विभाग जल्द करेगा निरीक्षण

डीआर संवाददाता» इछावर



नगर सहित तहसील क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोरों की लगातारशिकायतें को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने कई दुकानों पर बिना योग्य फार्मासिस्ट के दवाइयां बेचने, किराए के लाइसेंस पर कारोबार करने और डॉक्टर की पर्ची के बिना 'दवाइयां' देने के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसे समय में कई मेडिकल स्टोरों की निर्धारित जांच नहीं होने से नियमों के उल्लंघन की आशंका बनी हुई है। हालांकि, पूरा आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

ग्रामीणों के अनुसार, कोरोना संक्रमण के बाद इछावर नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों की संख्या बढ़ी है। बस स्टैंड, हाईवे किनारे और नई गल्ला-मोहल्लों के कुछ ऐसे क्षेत्रों में भी दुकानें संचालित हो रही हैं। आरोप है कि कुछ दुकानों पर दवाइयों को ठीक से समझ नहीं आती। कई बार गरीब की बीमारी के लक्षण पूछकर उसके स्तर पर दवाइयों की पर्याप्त जानकारी या निर्धारित योग्यता नहीं है। इससे मरीजों को गलत दवा मिलने और दवाइयों के दुष्प्रभाव का खतरा रहता है।

डॉक्टर की पर्ची के बजाय लक्षण पूछकर देने का आरोप

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ मेडिकल स्टोरों पर कर्मचारी डॉक्टर की पर्ची में लिखी दवाइयों को ठीक से समझ नहीं पाते। कई बार गरीब की बीमारी के लक्षण पूछकर उसके स्तर पर दवा दे दी जाती है। इससे उपचार प्रभावित होने और दवाइयों के दुष्प्रभाव का खतरा रहता है।

ग्राम डाबला निवासी जगदीश ने बताया कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर डॉक्टर ने जांच के बाद दवाइयां लिखी थीं। वे पर्चा लेकर हाईवे किनारे स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचे। आरोप है कि दुकान पर मौजूद युवक ने पर्चे को समझने के बाद दूसरी दवाइयां दीं। बाद में डॉक्टर से पता चलने पर दवाइयां पर्चे के अनुसार नहीं होने की बात सामने आई।

इसी तरह नगर निवासी गोपीलाल ने बताया कि मेडिकल स्टोर से दवा लेने के बाद भी उनकी शुगर्चा में सुधार नहीं हुआ। बाद में दूसरे मेडिकल स्टोर पर जांच कराने पर शुगर का स्तर सामान्य बताया गया। नागरिकों ने ऐसे मामलों की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

खाद्य पदार्थों की बिक्री पर भी सवाल

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ मेडिकल स्टोरों पर चॉकलेट, बिस्किट, बिस्कुट और शीतपेय जैसे खाद्य पदार्थों की बिक्री भी जांच की जाए, ताकि मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

देखे जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित दुकानों पर आवश्यक खाद्य लाइसेंस की जांच कराने की मांग की है। इसके अलावा प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री और नशीले दवा वस्तुओं की शिकायतें भी सामने आई हैं।

औषधि विभाग जल्द करेगा निरीक्षण

इस संबंध में सीहोर के औषधि नियंत्रक किरण कुमार मरावी ने बताया कि जिलेभर में मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। जहां भी दुकानें नियमों के विरुद्ध संचालित पाई जाती हैं, वहां संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि इछावर क्षेत्र में भी जल्द मेडिकल स्टोरों की जांच की जाएगी।

स्थानीय नागरिकों ने विभाग से मांग की है कि सभी मेडिकल स्टोरों से लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपलब्धता, दवाइयों के भंडारण और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की जांच की जाए, ताकि मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

राला के सोलर प्लांट में चोरी, ट्रांसफार्मर तोड़कर 16 क्विंटल कॉपर ले गए चोर

दो मेगावाट क्षमता के प्लांट को बनाया निशाना, ऑयल भी चोरी 19 अक्टूबर को दर्ज हुई एफआईआर



डीआर संवाददाता» सीहोर

ग्राम क्षेत्र के राला गांव में दो मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्लांट में चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने प्लांट के ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसमें से कॉपर केबल और ऑयल चोरी कर लिया। चोरी नए कॉपर की कीमत करीब 15 से 16 क्विंटल बताई जा रही है। घटना 15 अक्टूबर की रात की है। प्लांट संचालक की विकल्पत पर पुलिस ने 19 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज की थी।

प्लांट संचालक मायत सिंह नारी के अनुसार, बिजली व्यवस्था के लिए प्लांट में ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जो घटना से करीब एक सप्ताह पहले ही आया था। सुरक्षा के लिए गार्ड की ड्यूटी भी लगाई गई थी।

16 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे गार्ड ने फोन कर चोरी की सूचना दी। उसके मुताबिक, वारदात 15 अक्टूबर की रात लगभग 11:00 बजे हुई थी। सूचना मिलने पर मायत सिंह मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि चोरों ने छोटे और बड़े ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचाकर ऊपर से कॉपर केबल और ऑयल निकाल लिया। कुछ कीमती जमीन पर भी गिरा लिया।

घटना से प्लांट संचालक को आर्थिक नुकसान हुआ है। सोलर प्लांट किसानों के लिए सिंचाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे उपकरणों की चोरी से बिजली आपूर्ति और सिंचाई प्रभावित होने का खतरा रहता है। घटना के कई दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गई सामग्री की बरामदगी को लेकर जानकारी सामने नहीं आई है। इससे जांच की प्रगति पर सवाल उठ रहे हैं।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर कांग्रेसजनों ने किया पौधारोपण

डीआर संवाददाता»सीहोर



रविवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड स्थित ताजन हॉल पहुंचकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने आम और आंवला के कुल 5 पौधे रोपे। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि आज के आधुनिकता के दौर में चार विकास कलों के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है तथा भविष्य की पीढ़ियों के अस्तित्व पर खतरे मंडरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में आने वाले हर खुशी के मौके पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और अन्य लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से ग्रामसभा की द्वारा की जा रही अवैध कटाई पर रोकथाम लगाने की मांग की। इस दौरान पूर्व पार्षद मोहम्मद इकबाल, पूर्व पार्षद मोहम्मद इकबाल, पूर्व पार्षद मोहम्मद इकबाल,

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ कार्तिक कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, 2083 विदिशा,दिन सोमवार,दिनांक 26 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

यूरिया, डीएपी, एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता

विदिशा। जिले में किसानों की जरूरत के मुताबिक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सहकारी समितियों और निजी उर्वरक विक्रेताओं के जरिए ई-टोकन प्रणाली से वितरण किया जा रहा है। ई-टोकन के माध्यम से अब तक 11256 मीट्रिक टन यूरिया, 8050 मीट्रिक टन डीएपी, 1682 मीट्रिक टन कॉम्प्लेक्स, 215 मीट्रिक टन एनएसबी का वितरण सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं ने किया है।

स्वामित्व अधिकार पंजीयन के लिए विशेष शिविर

विदिशा । अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन वर्ष 2026 योजना के क्रियान्वयन के लिए जिले में एक सप्ताह का विशेष गहन शिविर लगेगा। शिविर के जरिए स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय-सीमा में लक्ष्य पूरा करना होगा। एक सप्ताह में 60 से 70 प्रतिशत काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

पथ संचलन निकाला

विदिशा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शालेय विद्यार्थी कार्य विदिशा नगर के तत्वावधान में शालेय विद्यार्थी पथ संचलन निकाला गया। सिंदूर एवं बाल स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष की ताल पर अनुशासित पथ संचलन निकाला गया। संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर बेरा बैरागी मार्ग, दीदा फाटक चौराहा, बजरिया, लोहाबाजार, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा, सोतखंडी, दुर्गा चौक से होते हुए पुनः शिशु मंदिर पर समाप्त हुआ। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

कुशवाह शिवालय में कन्या भोज आयोजित

ग्यारसपुर। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्यारसपुर स्थित कुशवाह शिवालय में नगर कन्या भोज का आयोजन किया गया। भोज कराकर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान पंडित सत्यनारायण भगवान सिंह कुशवाह, तीरथपुर कुलवाह ने कन्याओं को उपहार भेंट किए। इस अवसर पर पुजा कोरेस रिलायंस्स अकाश शर्मा सहित कार्यक्रम के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

घरोहरों को निहारने पहुंचे 11 बाइक राइडर्स

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर की प्राचीन धरोहरों को करीब से देखने के लिए भोपाल से 11 सदस्यीय बाइक राइडर्स का दल ग्यारसपुर पहुंचा। यहां उन्होंने 9वीं और 10वीं सदी की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया जिनमें मालादेवी मंदिर हिंडोला तोरण, बेजोड़शिल्प, बौद्ध स्तूप, आठ खंभा सहित अन्य प्राचीन स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान राइडर्स ने प्राचीन स्थापत्य कला, आकर्षक शिल्पकला और बारीक नक्काशी की जमकर सराहना की। इस यात्रा में हिमांशु भावसार, पारस भोटे, कुलदीप सिंह राजपूत, आशुतोष सिंह शामिल रहे। उन्होंने बाइक चलाने के दौरान हेलमेट पहनने का भी संदेश वाहन चालकों को दिया।

कुरवाई थाने में विधिक संगोष्ठी आयोजित हुई

कुरवाई। थाना कुरवाई परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश विधिक जागरूकता संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शरद पूर्णिमा पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, मिठाइयों के सैंपल

खुली मिठाइयों पर इस्तेमाल की अंतिम तारीख लिखने के नियम की अनदेखी, जांच अभियान के बीच निगरानी पर उठे सवाल

डीआर संवाददाता ›› विदिशा



शरद पूर्णिमा और त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिले में मिठाइयों और अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से खवा, मावा से बनी मिठाइयों, पनीर और नमकीन के नमूने लेकर जांच के लिए शुल्क खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। हालांकि, दुकानों पर खुली मिठाइयों के निर्माण और इस्तेमाल की अंतिम तारीख प्रदर्शित करने के नियम के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की ओर से समय-समय पर सैंपलिंग की जाती है, लेकिन केवल नमूने लेने से खाद्य सुरक्षा के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित नहीं हो सकता। निरीक्षण के दौरान खाद्य-सफाई, खाद्य सामग्री के रखरखाव और जरूरी जानकारी प्रदर्शित करने जैसे नियमों पर भी ध्यान देना आवश्यक है। आरोप है कि मिठाई दुकानों पर इस्तेमाल की अंतिम तारीख लिखने के नियम का पालन नहीं किया जा रहा है।

इन प्रतिष्ठानों से लिए नमूने खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुलेमिया खान ने विदिशा की स्वर्णकार कॉलोनी स्थित वैभव डेयरी एंड ड्राई फ्रूट से मावा और पनीर के नमूने लिए। रामवरन रेट स्थित संतोष मेवा मिष्ठान से खवा लड्डू का नमूना लिया गया। एचबीएच के अग्रवाल स्वीट्स से मावा का नमूना एकत्र किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवान अहिरवार ने सिंदूर की मां शीतला स्वीट्स से मावा, मावा लड्डू और नम्कीन के नमूने लिए। तिलमिल मिष्ठान मंदिर के पास लड्डू और बेसन लड्डू के नमूने लिए गए। वहीं, कारिख पुत्र ने महानीम रोशाहे स्थित चौबे स्वीट्स एंड बेकरी से मावा, मावा लड्डू और नमकीन के नमूने एकत्र किए। सहायक आयुक्त के नमूने लेने वाले दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार अहिरवार, सुलेमिया खान और अभिषेक पाठक शामिल थे।

खुली मिठाइयों पर अंतिम तारीख लिखना जरूरी

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 25 सितंबर 2020 को खुली मिठाइयों की ट्रे और काउंटर पर इस्तेमाल की अंतिम तारीख प्रदर्शित करने संबंधी निर्देश जारी किए थे। यह व्यवस्था 1 अक्टूबर 2020 से लागू हुई थी। इसके तहत दुकानदारों को मिठाइयों की प्रकृति और उनकी शेल्फ लाइफ के अनुसार इस्तेमाल की अंतिम तारीख बताना अनिवार्य है।

त्योहारी सीजन में मिठाइयों की मांग बढ़ने के कारण खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। ऐसे में सैंपलिंग निरीक्षण के दौरान सैंपलिंग के साथ दुकानों पर साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण और अनिवार्य जानकारी प्रदर्शित करने की भी जांच होनी चाहिए।

खाद्य सुरक्षा अभियान की प्रभावशीलता इसी से तय होगी कि नमूनों की जांच से राज्य नियंत्रण का उत्पादन करने वाले प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है या नहीं। उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नियमित निगरानी और नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है।

लाखों रुपए चोरी का सामान लौटाने पर का जीआरपी-आरपीएफ टीम सम्मानित



डीआर संवाददाता ›› विदिशा

रेलवे स्टेशन पर यात्री के चोरी हुए 10 लाख रुपए बरामद कर यात्री को वापस लौटाने वाली जीआरपी और आरपीएफ की टीम को सम्मानित किया गया। पुलिसकर्मियों की तत्परता और ईमानदारी की सराहना करते हुए शहर के विभिन्न संगठनों ने उनका अभिनंदन किया।

रेलवे स्टेशन स्थित नौआरती वाला परिसर में चौबेस ऑफ कॉमर्स, सैट नया प्रदेश और परिवहन मंच रेलवे सलाहकार समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से आम लोगों का पुलिस पर भरोसा मजबूत होता है।

जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन पर एक यात्री के बैग से 10 लाख रुपए चोरी हो गए थे। मामले में जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बैग और सामान बरामद की तथा संबंधित व्यापारी को वापस सौंप दी। पुलिस टीम के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए अधिकारियों ने इसे जनसेवा और जिम्मेदारी का उदाहरण बताया।

शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान

समारोह में जीआरपी थाना प्रभारी गजेंद्र डाबर, आरपीएफ टीआई उमेश सिंह और पुलिस टीम के सदस्यों को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विजय भीमावत, शिक्षाविद एवं पूर्व रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन सहित शहर के गणमान्य मौजूद रहे। सभी ने पुलिसकर्मियों की ईमानदारी की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के महामंत्री हर्षेश सोनी ने किया।

जनता सोई नहीं, सब देख रही है, कांग्रेस एक माह चलाएगी वोटरक्षक अभियान

डीआर संवाददाता ›› विदिशा।



महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बालासाहेब थोरात ने कहा कि जनता सोई नहीं है, बल्कि जागरूक है और सरकार के कारनामों पर नजर रख रही है। वे विदिशा में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के आंदोलनों में आम लोगों की कम भागीदारी से जुड़े सवाल पर कहा कि लोकतंत्र में उनका ही सबसे बड़ी ताकत है।

थोरात ने बताया कि कांग्रेस 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक प्रदेश में वोटरक्षक अभियान चलाएगी। इसके तहत कार्यकर्ता गांवों में चौपाल लगाकर और घरों से घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। अभियान के दौरान खेरात्मा सूची की जांच, नए नाम जुड़वाने और गलत प्रविष्टियों में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने भाजपा सूची के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि विदेश रहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले मध्यप्रदेश में 5,74,26,143 मतदाता दर्ज थे। प्रारूप सूची में यह संख्या घटकर 5,31,31,983 रह गई, जबकि अंतिम सूची में 5,38,61,008 मतदाता पर्व किए गए।

थोरात ने बताया कि कांग्रेस 1 नवंबर को 'वोट बचाओ-देश बचाओ' कार्यक्रम आयोजित करेगी। वहीं, 26 और 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली में रहारैली प्रस्तावित है।

दैतक में संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, जिलाध्यक्ष गोहित रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष कमल सिलाकारी और राजेश रघुवंशी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

दीपावली से पहले पार्किंग की तैयारी, अफसरों ने तलाशी जगह

डीआर संवाददाता ›› विदिशा



दीपावली से पहले शहर की यातायत व्यवस्था सुधारने और जाम से राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने पार्किंग स्थलों की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार को एसडीएम मनीष जैन, गंजबासौदा थाना प्रभारी अजीत रघु और नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने संयुक्त भ्रमण कर संभावित स्थलों का निरीक्षण किया।

एसडीएम के अनुसार, बाल विहार स्थित जड़न सौप के पास अतिक्रमण हटाकर दीपदिया और पारपटिया पहानी के लिए सशुल्क पार्किंग बनाई जाएगी। पुरानी नगर पालिका के पास दीपदिया पहानी तथा पेट्रोल पंप के पीछे भी पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

तिलक चौक और इंदु जैन के पीछे निजी जमीनों को अस्थायी पार्किंग के लिए चिह्नित किया गया है। जमीन मालिकों से चर्चा जारी है। त्योहार के दौरान अस्थायी दुकानदारों के लिए भी स्थान तय किए जाएंगे। हालांकि, इन व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराना प्रशासन के लिए चुनौती होगा।

बेतवा की बदहाली: किनारों पर कचरा और पानी से उठती बदबू

डीआर संवाददाता ›› विदिशा।



बेतवा नदी की मौजूदा स्थिति गंदगी की नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति बरती जा रही अनदेखी की भी तस्वीर पेश कर रही है। घटता जलस्तर, गंदा पानी, किनारों पर जमा कचरा और पानी से उठती बदबू नदी की बिगड़ती स्थिति बयां कर रहे हैं। नदी किनारे सिंगरी प्लास्टिक, पॉलिथीन और अन्य अपशिष्ट सामग्री स्वच्छता के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। रविवार दोपहर भास्कर की टीम सदस्य सीताराम मालवीय बेतवा तट पर पहुंचे तो वहां बदबूदार पानी के आसपास गंदगी का अंबार लगा था। नदी से लोगों की दूरी बढ़ती जा रही है। पर्यावरण के लिए चिंता जता रही है। नदी में घुलता जहरीला जीवों के साथ नदी पर निर्भर लोगों और आसपास के पर्यावरण दोनों को खतरा। प्रकृति और जीवन जुड़ा है, पर्यावरण के लिए चिंता जता रही है। नदी में घुलता जहरीला जीवों के साथ नदी पर निर्भर लोगों और आसपास के पर्यावरण दोनों को खतरा। प्रकृति और जीवन जुड़ा है, पर्यावरण के लिए चिंता जता रही है। नदी में

जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में ई-कचरे के सुरक्षित निपटान की शपथ ली

डीआर संवाददाता ›› शमशाबाद



पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, शमशाबाद में ई-कचरे के प्रभावी और वैज्ञानिक तरीके से निपटान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के मन एवं पर्यावरण मंत्रालय के तहत आयोजित इस पहल में विद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने ई-कचरे के सुरक्षित निपटान की शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान जीव विज्ञान की स्नातकोत्तर शिक्षिका प्रेरणा तिवारी ने जागरूकता प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ग लिया और ई कचरे से उत्पन्न प्रदूषण से संबंधित विषयों पर अपनी सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाले कचरे के दुष्प्रभावों तथा उसके वैज्ञानिक निपटान के महत्व से परिचित कराना था।

विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज और आसपास के पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को जिम्मेदारी के साथ पहल करनी चाहिए। ई कचरे का उचित प्रबंधन पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

बेतवा श्रमदान

39 करोड़ के बायपास पर सुखाई जा रही मक्का, आवागमन में परेशानी

शमशाबाद में मंडी में जगह नहीं मिलने का हवाला देकर व्यापारी ने सड़क पर फैलाए मक्का के दाने,ग्रेन एसडीएम ने कहा- हटवाई जा रही उपज

डीआर संवाददाता ›› विदिशा



शमशाबाद में करीब 39 करोड़ रुपए की लागत से बने शासन नदी न्यू बायपास का उपयोग मक्का सुखाने के लिए किया जा रहा है। एक व्यापारी ने मंडी में जगह नहीं मिलने का हवाला देकर सड़क पर मक्का फैला दी। बताया जा रहा है कि सड़क के दोनों ओर पील लगाकर रास्ता भी बंद कर दिया गया। इससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिस बायपास का निर्माण आवागमन की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया, वहां सड़क पर उपज फैलाने से सार्वजनिक रास्ते के उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वाहन चालकों को मक्का के बीच से सावधानीपूर्वक निकलना पड़ रहा है।

मंडी में जगह नहीं मिलने की बात कही

मक्का फैलाने वाले पक्ष की ओर से बताया गया कि मंडी में उपज रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिली। किसान से मक्का खरीदकर उसका भुगतान भी कर दिया गया था। बीजीदार राजेंद्र अहिरवार के अनुसार, किसान मक्का नमी में लेकर रहा था, इसलिए उसी खरीद लिया गया।

उनका कहना है कि जमीन पर मक्काबीज फैलने की आशंका थी। इसी कारण मक्का को सड़क पर सुखाने के लिए फैलाया गया। उन्होंने इसे जानबूझकर हटाने की बात भी नहीं है।

सड़क पर मक्का फैलाने से लिपजनी पर सवाल

सवाल उपज पर मक्का फैलाने की प्रतिनिधि दूरी होने के बाद संबंधित स्थान पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

एसडीएम बोले- हटवाई जा रही मक्का

शमशाबाद एसडीएम ने बताया कि स्वपन नदी न्यू बायपास पर मक्का सुखाने का मामला प्रशासन के संज्ञान में है। मक्का हटवाई जा रही है, ताकि लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क पूल अभी आम जनता के आवागमन के लिए आधिकारिक रूप से चालू नहीं किया गया है। त्योहार के अवसर पर पूल को चालू किया जाता है।

प्रशासन का कहना है कि मक्का के कारण लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए कार्रवाई की जा रही है।

डॉ. एसएन सुब्बाराव की स्मृति में सेंटमेरी कॉलेज में युवा शिविर शुरू

डीआर संवाददाता ›› विदिशा



गांधीवादी विचारक डॉ. एसएन सुब्बाराव की पांचवीं पुण्यतिथि पर सेंट मेरी कॉलेज ने राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना युवा शिविर शुरू हुआ। राष्ट्रीय युवा योजना और कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 13 राज्यों के 150 से अधिक युवक-युवतियां शामिल हो रहे हैं।

शिविर में प्रातः जागरण, प्रेरणा गीत, श्रमदान, चर्चा शिक्षण, प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक खेलकूद, सर्वधर्म प्रार्थना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीय एकता, आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष परदर सिन्हो लोधी के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर डॉ. सुरेश गर्ग, संयोजक अविंद द्विवेदी, कमलेश दुबे, राजेश बंसल और अंकिता मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डॉ. सुब्बाराव ने 1970 में राष्ट्रीय युवा योजना की स्थापना की थी। उन्हें गांधीवादी विचारों और डायुओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों के लिए जाना जाता है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

कार्तिक कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, 2083 राजगढ, दिन सोमवार,दिनांक 26 अक्टूबर, 2025

न्यूज गैलरी

मंदिर के रास्ते पर लोहे के पोल में करंट, हादसे का खतरा

तलेन। वार्ड नंबर 14 में हनुमान मंदिर जाने के रास्ते पर लगा लोहे का बिजली पोल लोगों के लिए खतरा बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पोल में करंट आ रहा है। इसकी शिकायत विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता से कई दो महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों की आशंका है कि पास में नया सीमेंट का पोल लगाया जा रहा है। बिजली के तार नए पोल पर स्थानांतरित कर खतरा दूर किया जा सकता है। पूर्व पार्षद भागीरथ बघेरवाल ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम में भी समस्या उठाने का प्रयास किया था, लेकिन आश्वासन के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

वनरक्षक भर्तीर्थ 75 अभ्यर्थियों ने चार घंटे में पूरी की 25 किमी पैदल चाल

राजगढ़। वनरक्षक भर्ती 2026 के तहत शनिवार को 75 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में हिस्सा लिया। खोजरी रोड से सिवलोटी मार्ग पर सुबह 6 बजे शुरू हुई परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को चार घंटे में 25 किलोमीटर की पैदल चाल पूरी करनी थी। पैदल चाल से पहले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, शारीरिक मापदंड और बायोमेट्रिक परीक्षण किया गया। इन विभाग ने मार्ग पर चेक पॉइंट बनाए थे, जहां कर्मचारियों ने अभ्यर्थियों की निगरानी की। परीक्षा के जरिए निर्धारित मानकों के अनुसार अभ्यर्थियों की शारीरिक क्षमता का आकलन किया गया। महिला अभ्यर्थियों के लिए चार घंटे में 14 किलोमीटर पैदल चलने का मानक निर्धारित है।

राजगढ़ के किशनगढ़ मोहल्ले में एक साथ बैठकर सुनी 'मन की बात'

चिंचिला। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय शांति केंद्र के वार्ड क्रमांक 8 स्थित बूथ नंबर 113 के तहत किशनगढ़ मोहल्ले में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 128वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया। समिति सदस्य संतोष पुरोहित के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में मोहल्लेवासियों और कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर पूरा प्रसारण सुना।

स्वर्णकार समाज ने शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय दिया जोर

कुरावर। नगर में रविवार को स्वर्णकार समाज द्वारा महाराजा अजयपाल देव की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने चल समारोह निकाला। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजजनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अन्य का गर्म पर स्वागत भी किया गया। लाल सलवार सुबह सवेरे 11 बजे बस स्टैंड स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सदरबाजार स्थित समाज धर्मशाला पहुंची, जहां चल समारोह का समापन हुआ। यहां महाराजा अजयपाल देव की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। पूजन-अर्चना के बाद आयोजित सामाजिक चर्चा में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं और महिलाओं ने सहभागिता की।

रामगंजमंडी–भोपाल रेल परियोजनारू सोनकच्छ–नरसिंहगढ़ खंड का नवंबर में होगा संरक्षा निरीक्षण

रेल लाइन परियोजना में निर्माण कार्य का एक और चरण पूरा होने की आशा, मार्च 2027 तक शेष काम पूरा करने का लक्ष्य

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ



रामगंजमंडी–भोपाल नई रेल लाइन परियोजना अब एक और महत्वपूर्ण पड़ाव की ओर बढ़ रही है। पश्चिम रेल मंडल के सोनकच्छ से नरसिंहगढ़ के बीच करीब 13 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर नवंबर के पहले सप्ताह में रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) का निरीक्षण प्रस्तावित है। दीपावली से पहले इस निरीक्षण की तैयारी पूरी जा रही है। निरीक्षण और आवश्यक स्वीकृतियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस खंड पर रेल संचालन की दिशा में लगता कदम बढ़ सकेगा।

करीब 276 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के भोपाल मंडल वाले हिस्से में सोनकच्छ–नरसिंहगढ़ खंड के निरीक्षण के बाद लगभग 44 किलोमीटर का निर्माण कार्य शेष रहने का अनुमान है। इसमें नरसिंहगढ़ से खुरावर के बीच का हिस्सा प्रमुख है। रेलवे ने इस खंड का काम मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद ट्रेल परिचालन शुरू होने की उम्मीद की जा सकती है, हालांकि इसके लिए जरूरी निरीक्षण और स्वीकृति तिथियों भी पूरी करनी होंगी।

ट्रैक, पुल और अन्य संरचनाओं की होगी जांच

भोपाल रेल मंडल के निर्माण विभाग के डिप्टी चीफ इंजीनियर वसीम मोहम्मद के अनुसार, सोनकच्छ–नरसिंहगढ़ खंड पर नवंबर से पहले सप्ताह में सीआरएस पूरा निरीक्षण कर सकता है। इस दौरान रेलवे ट्रैक, पुल–पुलिया और अन्य संरचनाओं की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। निरीक्षण में निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं मिलने और आवश्यक स्वीकृति के बाद ही रेल संचालन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

इससे पहले रतलाम से खुरावर तक करीब 13.70 किलोमीटर लंबे रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण कराया जा चुका है। 88 सोनकच्छ–नरसिंहगढ़ खंड की बाकी है। इस प्रक्रिया के बाद रेलवे का लक्ष्य नरसिंहगढ़–खुरावर के शेष निर्माण कार्य को तेज करना होगा।

नरसिंहगढ़–कुरावर खंड पर कान जारी

रामगंजमंडी–भोपाल रेल परियोजना में अब तक लगभग 111 किलोमीटर का हिस्सा भोपाल मंडल के अंतर्गत आता है, जबकि करीब 88 किलोमीटर का हिस्सा कोटा मंडल में है। भोपाल मंडल की ओर से अब तक लगभग 42 किलोमीटर ट्रैक तैयार किया जा चुका है। इसके बाद सोनकच्छ–खुरावर खंड का काम तेजी से आगे बढ़ाया गया। इस खंड पर निरीक्षण के बाद परियोजना के रेल रिवेयो का पूरा खाका भर जाएगा।

नरसिंहगढ़ के कुरावर से मीना स्टेशन तक स्टेशन की दूरी करीब 21 किलोमीटर है। इस हिस्से में लगभग 33 किलोमीटर ट्रेक के निर्माण कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। मार्च 2027 तक काम पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद संरक्षा संबंधी जांच और उसके सफलतापूर्वक निपटने पर ही इस खंड पर ट्रेन संचालन का रास्ता खुल सकेगा।

राजगढ़ तक मिल चुकी है संरक्षा स्वीकृति

परियोजना के भोपाल मंडल वाले हिस्से में राजगढ़ रेलवे स्टेशन तक सीआरएस निरीक्षण पहले ही चुका है। इस हिस्से में सिग्नलिंग गति से रेलगाड़ी चलाने के लिए संरक्षा आयुक्त की स्वीकृति भी मिल चुकी है। इसलिए, पूरी परियोजना का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण निर्धारित रेलगाड़ियों का संचालन शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में सोनकच्छ–नरसिंहगढ़ और नरसिंहगढ़–कुरावर खंड परियोजना के अगले महत्वपूर्ण चरण माने जा रहे हैं।

राजगढ़ स्टेशन पर बार लाइनें, नेगेवा नदी पर बड़ा पुल

रामगंजमंडी–भोपाल रेल परियोजना की आधारशिला वर्ष 2000 में रखी गई थी। करीब 3,035 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना को तेजी से पूरा की उन्हीं नई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल किया गया है। उनगढ़ स्टेशन को इन्टरलॉकी–5 श्रेणी के अनुरूप विकसित किया गया है। स्टेशन यार्ड में यार्डी और मालगड़ी संचालन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चार लाइनें बनाई गई हैं।

वहीं, राजगढ़–ब्यावरा रेलखंड में नेगेज नदी पर करीब 1,200 मीटर लंबा और 26 से 41 मीटर ऊंचा पुल बनाया गया है। यह परियोजना की प्रमुख संरचनाओं में शामिल है। अब सोनकच्छ–नरसिंहगढ़ खंड के निरीक्षण और नरसिंहगढ़–कुरावर के निर्माण कार्य की प्रगति पर परियोजना के अगले चरण की दिशा निर्भर करेगी।

मजदूरी के विवाद में आदिवासी युवक से मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार



डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के टपरोनी गांव में मजदूरी के पैसे मांगे जाने पर आदिवासी युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो लोगों ने युवक को जमीन पर पटककर घूंसे मारे और घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान के अनुसार, शुक्रवार को पीड़ित ठर के कारण थाने नहीं पहुंचा था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उससे संपर्क कर लिखवाज दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और एससी–एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पीड़ित के अनुसार, सोनू पिछले पांच से छह वर्षों से गांव के प्रदीप सरदार और रज्जू सरदार के यहां मजदूरी कर रहा था। सोनू का आरोप है कि उसे तय मजदूरी से कम भुगतान किया जा रहा था। इससे परेशान होकर उसने काम छोड़ दिया और घर लौट आया।

वहीं, आरोपियों का दावा है कि सोनू उनसे 30 हजार रुपए से अधिक अग्रिम राशि ले चुका था और पैसे लौटाए बिना काम छोड़कर चला गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ, जो मारपीट में बदल गया।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान के अनुसार, शुक्रवार को पीड़ित ठर के कारण थाने नहीं पहुंचा था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उससे संपर्क कर लिखवाज दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और एससी–एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही

खारला नाले में मलबा डालते ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी, 5 हजार रुपए जुर्माना

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़



शहर के खारला नाले में मकान का मलबा डालने पर नगरपालिका ने सख्ती दिखाई है। रविवार को नाले में मलबा डालते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर चालक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही दोबारा ऐसा करने पर वाहन जब्त करने और पुलिस कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल खरनीकिर के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 4 बजे सूचना मिली थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से खारला नाले में मलबा डाला जा रहा है। सूचना मिलते ही नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची। वहां ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी मिली और नाले के किनारे खूब मलबा पड़ा हुआ था। मौके पर पुलिसकर्मी भी पहुंचे।

रुपयों के बाद फिर डाल मलबा डिप्टी कलेक्टर निधि माखीजा के नगरपालिका सीएमओ का प्रभार संभालने के बाद खारला नाले में विशेष मुहिम अभियान चलाया गया था। तीन दिन तक जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया था। इसके अलावा नाले के किनारों पर पौधारोपण की योजना भी बनाई गई थी।

सफाई के दौरान के बीच डंकर मलबा डालने की घटना सामने आने से गिगरही व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

स्वच्छता निरीक्षक ने बताया कि मलबा डालने वाले ठेकेदारों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। यदि इस तरह की गतिविधियां जारी रहीं है, तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका ने लोगों से नाले में मलबा नहीं डालने की अपील की है।

संघ के शताब्दी वर्ष पर कुरावर में निकला पथ संचलन

डीआर संवाददाता ✉ कुरावर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ की अनन्तपूर्ण बस्ती, कुरावर द्वारा नगर में एक संचलन निकाला गया। इसमें सपरिवार पूर्ण गणवेश में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ शामिल हुए। संचलन नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ अन्नपूर्णा मंदिर परिसर पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के खंड प्रचारक ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने 'हिंदू मातरम' की प्रतियों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए समाज में एकता, अनुशासन, सेवा, सहकार और राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत होना जरूरी है।

मुख्य वक्ता ने भारतीय संस्कृति को विश्व कल्याण और मानवता का संदेश देने वाली परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों में योगदान दे।

उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन के सेवा, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों का उल्लेख किया। उनके अनुसार, यह संचलन समाज में एकता और राष्ट्रभावना का संदेश देने का माध्यम है।संचलन के दौरान नगरवासियों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में संघ की प्रार्थना के साथ आयोजन का समापन हुआ।

यूडाइस पोर्टल पर जानकारी अपलोड नहीं करने पर तीन शिक्षकों की वेतनवृद्धि रोकी

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा।

यूडाइस पोर्टल पर स्कूल से संबंधित जानकारी अपलोड नहीं करना तीन प्राथमिक शिक्षकों को भारी पड़ गया। जिला शिक्षा अधिकारी की जांच में लापरवाही सामने आने के बाद तीनों शिक्षकों की एक-एक वेतनवृद्धि एक वर्ष के लिए आगामी प्रभाव से रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शिक्षकों को स्कूल की जानकारी और छात्र प्रगति का विवरण यूडाइस पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिला स्तर से पोर्टल संचालन के लिए जनवरी लिए जाने पर कुछ शिक्षकों की जानकारी अपलोड नहीं होने का मामला सामने आया।

कार्रवाई के तहत खजलीय धार्मिक निवासन चुरला के शिक्षक बद्रीप्रसाद नैगा और अरविंद शर्मा तथा खजलीय प्राथमिक विद्यालय नेहरूबस्ती के शिक्षक गुलाब सिंह गुर्जर की वेतनवृद्धि रोकी गई है। साथ ही संबंधित लापरवाही बेला पुलिसका में दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

विवाहिता की मौत का एक माह बाद भी खुलासा नहीं, कॉल

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

जीरापुर थाना क्षेत्र के नगरीरी गांव में 17 सितंबर को हुई विवाहिता लक्ष्मीबाई की मौत के मामले ने एक महीने बाद भी पुलिस जांच गर्म तक सीमित है। मृतका के भाई राजकुमार ने पड़ोसी सुरेश सुरेश पर बहन को परेशान करने और अनुचित संबंध बनाने के लिए दबाव डालने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों के अनुसार, मौत से पहले लक्ष्मीबाई और सुरेश के बीच फोन पर विवाद हुआ था। सामने आए एक ऑडियो में कथित तौर पर अश्लील भाषा सुनाई देने का दावा किया गया है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी पर आरोपी नहीं बनाया है।

कॉल हिस्ट्री में 13 मिस्ड कॉल का दावा

मृतका के भाई राजकुमार का कहना है कि उसने बहन के मोबाइल की कॉल हिस्ट्री में संबंधित नंबर से करीब 13 मिस्ड कॉल देखी थीं। उसने वीडियो कॉल किए जाने का दावा भी किया है। इन तथ्यों के आधार पर उसने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोबाइल जांच रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 17 सितंबर को लक्ष्मीबाई के घोटे घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। अंदर जाने पर वह फंदे पर मिली। अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

जीरापुर थाना प्रभारी एनएस मीणा के अनुसार, मृतका का मोबाइल साइबर सेल भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने और ऑडियो उपलब्ध होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

साक्षरता

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान में 7,720 लोगों ने दी परीक्षा

राजगढ़ विकासखंड में नव-साक्षरों ने लिया हिस्सा, माचलपुर में अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।



राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राजगढ़ विकासखंड में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 7,720 महिला-पुरुषों ने सहभागिता की। अभियान का उद्देश्य निरक्षर लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाकर समाज से निरक्षरता का कलंक मिटाना है।

कलेक्टर डॉ. गिरीश सिंह के आदेश, जिला पंचायत सीईओ इफ्तिखार नढ़ावले के मार्गदर्शन और जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमन गुप्ता के नेतृत्व में अभियान संचालित किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी शैलाश नारायण सोनी और सह-समन्वयक दीपक चौधरी ने विभिन्न सामाजिक रोतन बैठकें कर निरीक्षण किया। खजनेर संकुल के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में भी परीक्षा आयोजित की गई। संकुल समन्वयक विनीता जैन ने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज की।

माचलपुर में नव-साक्षरों ने दी मूल्यांकन परीक्षा

माचलपुर के शासकीय बन्या हाई स्कूल में नव-साक्षर महिला एवं पुरुषों के लिए मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। विभिन्न आयु वर्ग के शिक्षार्थियों ने पत्रलेख के साथ परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के संचालन में शिक्षकों और आशा सहियों ने सहयोग किया।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संकल्पक एवं सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर परीक्षार्थियों से चर्चा की। इस अवसर पर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमन गुप्ता, अधीक्षक साक्षरता समन्वयक सुरेश वाणी, संकुल समन्वयक बन्धारी सिंगा, ग्राम शिक्षक कालबेल वाणी और योगेंद्र सिंह गंडासिंह सहित शिक्षकों का स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों ने नव-साक्षरों का तिलक लगाकर और फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

अक्षर साथी बनकर कर सकते हैं सहयोग

अधिकारियों ने बताया कि शिक्षित व्यक्ति अक्षर साथी बनकर निरक्षर लोगों को पढ़ने-लिखने में मदद कर सकते हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भी बार-बार निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने में सहयोग दे सकते हैं। अधिकारियों ने लोगों से अभियान से भागीदारी कर शिक्षा के प्रसार में योगदान देने की अपील की।

ओवरटेक की होड़ में हुए हादसे के दोनों चालक गिरफ्तार, दो की हुई थी मौत

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर।



जिले के शाहीर थाना क्षेत्र में रोडी गांव के पास हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने ट्रक और कंटेनर के दोनों चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। 10 अक्टूबर की रात हुए इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। दुर्घटना के बाद दोनों चालक मौके से फरार हो गए थे।

पुलिस के अनुसार, हादसे के समय ट्रक और कंटेनर के चालक एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में तेज रफ्तार से दौड़ रहे थे। इसी दौरान लापरवाही के चलते दुर्घटना हो गई। मामले में पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर जांच शुरू की थी।

दोनों चालकों पर मामला दर्ज

पुलिस ने कंटेनर चालक ओमप्रकाश गिरधारी सिरोठवाल, उम्र 40 वर्ष, निवासी सिरोठवाल, थाना शाहीर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, दूसरे चालक सुरेश पाल गिरधारी सेन, निवासी गिंद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 125(ए) और 281 तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 184 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से बचें, ओवरटेक की होड़ में जान जोखिम में डालने से परहेज करें।